राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई आर.ए.एस)

(कोर्ट कैम्प का स्थान ग्राम पंचायत बोली)

राजस्व आवेदन सं. 395 / 2025

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956 प्रार्थी तिलोका पुत्र श्री शंकराराम बनाम तहसीलदार सेड़वा

आदेश

प्रार्थी तिलोका पुत्र श्री शंकराराम निवासी बोली द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956 प्रस्तुत मय दस्तावेज कर निवेदन किया है कि पटवार हल्का पनोरिया, राजस्व गांव माण्टुडा के खाता संख्या 73 के खसरा संख्या 101 रकबा 35.7256 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम, जमाबन्दी सवत् 2076–79, में उनका नाम तिला पुत्र श्री शंकरा राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है जबकि उनका शुद्व नाम तिला पुत्र श्री शंकरा के स्थान पर तिलोका पुत्र श्री शंकराराम है इस तरह उनके नाम तिला पुत्र श्री शंकरा के स्थान पर तिलोका पुत्र श्री शंकराराम दुरूस्त किया जावे।

अतः तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक प्रतिवेदन दिनांक 25.11.2025 की अनुशंसा के आधार पर प्रार्थी तिलोका पुत्र श्री शंकराराम का पटवार हल्का पनोरिया, राजस्व गांव मांण्टुडा के खाता संख्या 73 के खसरा संख्या 101 रकबा 35.7256 हैक्टेयर किस्म बारानी सोयम, जमाबन्दी सवत् 2076–79 में प्रार्थी का नाम तिला पुत्र श्री शंकरा के स्थान पर तिलोका पुत्र श्री शंकराराम शुद्व करने के आदेश दिए जाते हैं। तहसीलदार सेड़वा तद्नुसार राजस्व अभिलेख में अमलदरामद कर आगामी 15 दिनों में पालना इस न्यायालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

(बद्रीनारायण विश्नोई आर.ए.एस)
पीठासीन अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलक्टर सेड़वा
दिनांक : 12/12/25

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

क्रमांक: 2154-56

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः–

1. तहसीलदार सेड़वा को भेजकर लेख है कि उक्त आदेशानुसार राजस्व रिकोर्ड में अमलदरामद पालना रिपोर्ट भिजवायें।
2. प्रार्थी तिलोका पुत्र श्री शंकराराम निवासी बोली, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर।
3. रक्षित पत्रावली।

उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.01.27 12:30:23 IST
Reason: SelfAttested